Title: Need to take steps for revival of the unit of IDPL at Muzaffarpur in Bihar.

**श्री मंजय लाल (समस्तीपुर)** मुजफ्फरपुर (बिहार) में केन्द्रीय सरकार का द्वा का कारखाना आई.डी.पी.एल. है। एक सम्य में यह द्वा का कारखाना बहुत ही उपयोगी था और आज भी है। द्वा बनाने के सभी सामग्री बिहार में मौजूद है, पर अर्थाभाव के कारण कई वर्षों से यह द्वा का कारखाना बंद है। सैंकड़ों कर्मचारियों को कई वर्षों से वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है। कर्मचारी परेशान हैं, भूखों मर रहे हैं। सरकार विदेशों से तथा अन्य स्रोतों से द्वा खरीद कर रही है जो बहुत ही कीमती है तथा अधिकांश नकली द्वा लोगों को खरीदना पड़ता है। रोगियों को नकली द्वा के प्रयोग से बहुत मुसीबतों का सामना करना पड़ता है और कीमती द्वाओं को खरीदनें में परेशानी होती है। इधर केन्द्रीय सरकार की एक टीम मुजफ्फरपुर के द्वा कारखाने को देखने भी गयी थी और वह भी अपना प्रतिवेदन भेज चुकी है।

अतः केन्द्रीय सरकार से अनुरोध है कि जनहित में मुजफ्फरपुर द्वा के कारखाने को विशेष आर्थिक पैकेज देकर यथाशीघ्र खुलवाने की कार्यवाही करें।